n lang=HI>

Title: Need to expedite the development of a Dry Port at Niphad in Dindori Parliamentary Constituency, Maharashtra - Laid

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी के निफाड जगह पर 500 करोड़ रूपये की एक ड्राई पोर्ट 250 एकड़ में लगाने की घोषणा की थी । यह पोर्ट रेलवे आधारित है जिसे जवाहर लाल नेहरू ट्रस्ट ने लागू करना है । इस पोर्ट के लगने से नाशिक में भारी मात्रा में उत्पादित होने वाले अंगूर, अनार एवं प्याज के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की आय को दुगना करके उन्हें और समृद्ध किया जा सकता है । महाराष्ट्र जी एस टी ने भी इसकी मंजूरी दे दी है और इसके लिए निफाड में बन्द पड़ी एक सहकारी शूगर मिल की जमीन को अधिग्रहित कर लिया । इस डाई पोर्ट की स्थापना से इस क्षेत्र में फल उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा ।

मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में स्थित निफाड में ड्राई पोर्ट की स्थापना के लिए जो कार्य शेष रह गए हैं उनको जल्द से जल्द यहां के किसानों के हित में पूरा किया जाए ।